अमर उजाला 08/12/2024

छात्रों को योगासन का कराया अभ्यास

तीन दिवसीय मुफ्त नेत्र जांच शिविर भी लगाया

छावनी के जीएमएन कॉलेज में निशुल्क नेत्र जांच शिविर में विद्यार्थियों की आंखों की जांच करते मेडिकल टीम के सदस्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

जीएमएन कॉलेज में योग और गीता समन्वय कार्यक्रम करवाया

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में विशेष योग और गीता समन्वय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका जनसंचार विभाग की सहायक प्रो. सुषमा ने बताया कि इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य योग सत्र को गीता के गूढ़ विचारों और पाठों के साथ जोड़ते हुए मन और शरीर के बीच संतुलन बनाना और आंतरिक शांति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में छात्रों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास कराया।

इसी तरह रेड रिबन क्लब, यूथ रेडक्रॉस और जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग और एलजे आई इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय मुफ्त आई चेकअप शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों के लिए विशेष आयोजन किया गया। यह शिविर प्राचार्य डॉ. रोहित के निर्देशन में किया गया। इसमें आंखों की नियमित जांच के महत्व के बारे में बताया।

इसके अलावा जीएमएन कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्रो मनदीप कौर रही। उन्होंने बाल विवाह को एक सामाजिक बुराई करार दिया, जो बच्चों के जीवन, शिक्षा और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

कॉलेज में संगीत विभाग ने फिट इंडिया सप्ताह मनाने के लिए स्वदेशी खेलों के तहत अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कई छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।